3. वाक्यांशों के लिए एक शब्द

ऐसी भूमि, जो फ़सल के लिए अच्छी हो उसी में खेती करनी चाहिए। उर्वर भूमि में खेती करनी चाहिए।

आज हमारे घर जिसके आने की तिथि न हो आने वाले हैं। आज हमारे घर अतिथि आने वाले हैं।

बिना सोचे-समझे किया गया विश्वास सदैव हानिकारक होता है।

परिभाषा कक्षा - 7

जो शब्द वाक्यांशों के स्थान पर आकर भाषा को सहज बना देते हैं, उन्हें 'वाक्यांशों के लिए एक शब्द' अथवा 'स्थानापन्न' शब्द कहा जाता है।

यह भी जानें

कुछ शब्दांशों; जैसे– वाला, वाली, अक, ई, ईय, इक आदि से भी ऐसे शब्द बनाए जाते हैं; जैसे–

जो सब्ज़ी बेचता है	– सब्ज़ीवाला	जो फल बेचती है	– फलवाली
पाठ को पढ़ने वाला	– पाठक	परिश्रम करने वाला	– परिश्रमी
जो केवल शाक खाता हो	– शाकाहारी	नगर से संबंधित	– नगरीय
जो एक वर्ष में एक बार होता हो	– वार्षिक	जो इतिहास से संबंधित हो	– ऐतिहासिक

कुछ प्रमुख स्थानापन्न शब्द–

विलोम के जोड़े के रूप में

1. दूसरे देशों से अपने देश में सामान मँगवाना – आयात
2. अपने देश से दूसरे देशों को सामान भेजना – निर्यात
3. जिस पर पूरी तरह विश्वास किया जा सके – विश्वसनीय
4. जिस पर पूरी तरह विश्वास न किया जा सके – अविश्वसनीय
5. जिसमें रस हो – सरस
6. जिसमें रस न हो – नीरस
7. जो कम बोलता हो – मितभाषी
8. जो अधिक बोलता हो – वाचाल
9. जिसे क्षमा किया जा सके – क्षम्य
10. जिसे क्षमा न किया जा सके – अक्षम्य
11. शीघ्र नष्ट होने वाला – क्षणभंगुर
12. कभी नष्ट न होने वाला – शाश्वत
13. जिसमें दया का भाव न हो – निर्दय
14. जिसमें दया का भाव हो – सदय
15. जहाँ पहुँचना कठिन हो – दुर्गम
16. जहाँ पहुँचना सरल हो – सुगम
17. जो आसानी से मिल जाए – सुलभ
18. जिसे पाना कठिन हो – दुर्लभ
19. ऐसी भूमि, जो फ़सल के लिए अच्छी हो – उर्वर
20. ऐसी भूमि, जो फ़सल के लिए अच्छी न हो – ऊसर

21. किए गए उपकार को मानने वाला – कृतज्ञ
22. किए गए उपकार को न मानने वाला – कृतघ्न

अन्य स्थानापन्न शब्द

1. जिसके समान कोई दूसरा न हो – अनुपम
2. जिसे जीता न जा सके – अजेय
3. जो कानून के विरुद्ध हो – अवैध
4. जिस पर अभियोग लगाया गया हो – अभियुक्त
5. जो खुद पर निर्भर हो – आत्मनिर्भर
6. किसी नई वस्तु की खोज करने वाला – आविष्कारक
7. दूसरों की उन्नति देखकर मन में जलने का भाव – ईर्ष्या
8. जो ऊपर कहा गया हो – उपर्युक्त
9. सूर्योदय से पहले हलके उजाले के साथ लाली का आना – उषा
10. जिसकी बुद्धि बहुत तेज़ हो – कुशाग्रबुद्धि
11. गायों के रहने का स्थान – गौशाला
12. जल में रहने वाले जीव – जलचर
13. जानने की इच्छा रखने वाला – जिज्ञासु
14. जो किसी का पक्ष न ले – तटस्थ
15. पति और पत्नी का जोड़ा – दंपती
16. दूर तक की सोचने वाला व्यक्ति – दूरदर्शी
17. जिसको कोई भय न हो – निर्भय
18. जिसमें बिलकुल ममता न हो – निर्मम
19. स्थान-स्थान पर सैर के लिए जाने वाला व्यक्ति – पर्यटक
20. वह वस्तु, जिसके आर-पार देखा जा सके – पारदर्शी
21. जिसकी कीमत बहुत अधिक हो – बहुमूल्य
22. भाग्य पर विश्वास करने वाला – भाग्यवादी
23. किसी कार्य को करने का शुभ समय – मुहूर्त
24. वह व्यक्ति, जो घुमक्कड़ स्वभाव का हो – यायावर
25. वह अंश, जिसके नीचे रेखा खींची गई हो – रेखांकित
26. किसी विषय का विशेष ज्ञान रखने वाला व्यक्ति – विशेषज्ञ
27. जो किसी का शुभ चाहे – शुभाकांक्षी
28. छह कोणों वाला – षट्कोण

29. जो केवल अपना ही हित सोचे – स्वार्थी

30. वह व्यक्ति जो दूसरों का हित चाहे – हितैषी

पाठ एक नज़र में

- 'वाक्यांशों के लिए एक शब्द' या 'स्थानापन्न' शब्द वाक्यांशों के स्थान पर आकर भाषा सहजता देते हैं। इनके बिना वाक्य अटपटे और बहुत बड़े हो जाते हैं।
- कुछ शब्दांशों; जैसे- वाला, वाली, अक, ई, ईय, इक आदि से भी स्थानापन्न शब्द बनाए जाते



अभ्यास कार्य

सोचिए और बताइए

(सहज अवधारणा

1. 'स्थानापन्न' शब्द किन्हें कहते हैं?
2. भाषा में स्थानापन्न शब्दों द्वारा किस प्रकार परिवर्तन आता है?
3. यदि स्थानापन्न शब्द न होते, तो भाषा कैसी लगती? सोचिए और बताइए। (आलोचनात्मक

लिखिए

1. निम्नलिखित 'वाक्यांशों' अर्थात् अनेक शब्दों को उनके लिए सही शब्द से मिलाइए-

(क) जिसपर अभियोग लगाया गया हो	(*i*) दंपती
(ख) जिसकी बुद्धि बहुत तेज़ हो	(*ii*) निर्मम
(ग) पति और पत्नी का जोड़ा	(*iii*) पारदर्शी
(घ) जिसमें बिलकुल ममता न हो	(*iv*) कुशाग्रबुद्धि
(ङ) वह वस्तु, जिसके आर-पार देखा जा सके	(*v*) अभियुक्त
(च) किसी कार्य को करने का शुभ समय	(*vi*) स्वार्थी
(छ) वह व्यक्ति, जो स्वभाव से घुमक्कड़ हो	(*vii*) मुहूर्त
(ज) जो केवल अपना ही हित सोचे	(*viii*) यायावर

2. स्थानापन्न विलोम शब्दों के जोड़े से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए-

(क) हमारा देश दूसरे देशों में भी चाय भेजता है। हमारा देश चाय का ..... करता है। (आयात/निर्यात)

(ख) बहुत से लोग